आज जन्मे कन्हैया नंद जी के अंगना

आज जन्मे कन्हैया नंद जी के अंगना,
नंद जी के अंगना यशोदा के अंगना....

मिलजुल कर ब्रजनारी आई,
आके चरुवे चरावे नंद जी के अंगना,
आज जन्मे कन्हैया नंद जी के अंगना,
नंद जी के अंगना यशोदा के अंगना....

मिलजुल कर सब सखियां आई,
आके पलना झूलामें नंद जी के अंगना,
आज जन्मे कन्हैया नंद जी के अंगना,
नंद जी के अंगना यशोदा के अंगना....

सब सखियां मंगल गाय रही,
वह तो गांवे बधाइयां मनामें खुशियां,
आज जन्मे कन्हैया नंद जी के अंगना,
नंद जी के अंगना यशोदा के अंगना....

मिलजुल के सब ग्वाला आए,
आके मांगे मिठाईयां नंद जी के अंगना,
आज जन्मे कन्हैया नंद जी के अंगना,
नंद जी के अंगना यशोदा के अंगना....

मिलजुल के देव सब आ रहे,
वह तो कर रहे बरसा फूलों की अंगना,
आज जन्मे कन्हैया नंद जी के अंगना,
नंद जी के अंगना यशोदा के अंगना....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28531/title/aaj-janme-kanhayia-nand-ji-ke-angna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |